ज्ञान शांति मैत्री

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

जनसंपर्क कार्यालय

PUBLIC RELATIONS OFFICE

आज़ादी का अमृत महोत्सव

तुलसीदास जयंती पर कुलपति प्रो. कुमुद शर्मा ने किया अभिवादन
तुलसीदास का सामाजिक सांस्कृतिक बोध विषय पर हुआ व्याख्यान
रामचरित मानस लोक जीवन की आचार संहिता है – डॉ. प्रेम शंकर त्रिपाठी

वर्धा, 19 अगस्त 2026 : महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय के हिंदी साहित्य विभाग द्वारा गोस्वामी तुलसीदास की जयंती के उपलक्ष्य में कुलपति प्रो. कुमुद शर्मा ने तुलसी भवन स्थित गोस्वामी तुलसीदास की मूर्ति पर माल्यार्पण कर अभिवादन किया।

बुधवार, 19 अगस्त को महादेवी वर्मा सभागार में 'तुलसीदास का सामाजिक-सांस्कृतिक बोध' विषय पर व्याख्यान

आयोजित किया गया जिसमें बतौर मुख्य वक्ता सुरेन्द्रनाथ सांध्य कॉलेज, कलकत्ता विश्वविद्यालय, हिंदी विभाग के डॉ. प्रेम शंकर

त्रिपाठी ने कहा कि गोस्वामी तुलसीदास का साहित्य खासकर रामचरित मानस लोकजीवन की आचार संहिता है। वे एक विनम्र एवं स्वाभिमानी कवि है। उनका साहित्य, सामाजिक सुधार को प्रशस्त करता है। उन्हें विवेक शब्द काफी पसंद है और वे इसका प्रयोग अपनी रचनाओं में बार-बार करते हैं। उनका विवेक सामाजिक रूप से जागृत करता है। डॉ. त्रिपाठी ने ज्ञान रस की चर्चा करते हुए कहा

पोस्ट हिंदी विश्वविद्यालय, गांधी हिल्स, वर्धा-442001 (महाराष्ट्र), भारत

ई-मेल/E-mail: pro.mgahv@hindivishwa.ac.in **वेबसाइट/Website:** www.hindivishwa.org

दूरभाष : +91-7152-252651 मोबाइल/Mobile : 9960562305

कि तुलसीदास का साहित्य सभी को सुकुन देनेवाला है। उनकी वाणी को समझने में भले ही समय लगता है परंतु वह सहज थी। राम उनके आराध्य है और वे रामचरित मानस में नीति और ज्ञान की बात करते हुए विचलित समाज को दिशा देने का काम करते हैं। उन्होंने कहा कि मनुष्य के उन्नयन के इस दौर में हम संस्कृति को लेकर पिछड़ रहें हैं, ऐसे में तुलसीदास का साहित्य मार्गदर्शक साबित होता है।

कार्यक्रम के प्रास्ताविक वक्तव्य में भाषा विद्यापीठ की अधिष्ठाता प्रो. प्रीति सागर ने कहा कि गोस्वामी तुलसीदास के विचार आदर्श समाज की रचना के लिए प्रेरित करते हैं। उन्होंने लोक को संस्कृति से जोड़ने के लिए अवधी भाषा में रामचरित मानस लिखा जिससे हम भारतीय आत्मा को समझ सकते हैं।

साहित्य विद्यापीठ के अधिष्ठाता प्रो. अवधेश कुमार ने कहा कि तुलसीदास बार-बार निर्मल, विवेक की बात करते हैं। वें लोक एवं शास्त्र के निपुण कवि है। वें अपने जिस आराध्य पुरूषोत्तम श्री राम की चर्चा हैं वे शक्ति, शील एवं सौन्दर्य से सम्पन्न है।

कार्यक्रम का स्वागत वक्तव्य हिंदी साहित्य विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ. रूपेश कुमार सिंह ने किया। संचालन एसोशिएट प्रोफसर डॉ. अशोक नाथ त्रिपाठी ने किया तथा सहायक प्रोफेसर डॉ. सुनील कुमार ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का प्रारंभ गोस्वामी तुलसीदास एवं सरस्वती के फोटो पर माल्यार्पण, दीप प्रज्ज्वलन तथा कुलगीत से किया गया। इस अवसर पर एसोशिएट प्रोफेसर डॉ. जयंत उपाध्याय, सहायक प्रोफेसर डॉ. शैलेश मरजी कदम, डॉ. जगदीश नारायण तिवारी, सूर्य प्रकाश पाण्डेय, डॉ. कोमल कुमार परदेशी, डॉ. प्रदीप, बी.एस. मिरगे सहित बड़ी संख्या में शोधार्थी एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

तुलसीदास जयंतीनिमित्त कुलगुरू प्रो. कुमुद शर्मा यांनी केले अभिवादन
'तुलसीदासांचे सामाजिक-सांस्कृतिक भान' विषयावर व्याख्यान
रामचरित मानस ही लोकजीवनाची आचार संहिता – डॉ. प्रेमशंकर त्रिपाठी

वर्धा, १९ ऑगस्ट २०२६ : महात्मा गांधी आंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालयाच्या हिंदी साहित्य विभागाच्या वतीने गोस्वामी तुलसीदास जयंतीनिमित्त कुलगुरू प्रो. कुमुद शर्मा यांनी तुलसी भवन येथे गोस्वामी तुलसीदास यांच्या प्रतिमेला पुष्पहार अर्पण करून अभिवादन केले.

बुधवार, १९ ऑगस्ट रोजी महादेवी वर्मा सभागृहात 'तुलसीदासांचे सामाजिक-सांस्कृतिक भान' या विषयावर व्याख्यान आयोजित करण्यात आले. यावेळी प्रमुख वक्ते म्हणून सुरेंद्रनाथ सायंकालीन महाविद्यालय, कलकत्ता विश्वविद्यालयातील, हिंदी विभागाचे डॉ. प्रेमशंकर त्रिपाठी म्हणाले की गोस्वामी तुलसीदास यांचे साहित्य, विशेषतः रामचरितमानस, ही लोकजीवनाची आचारसंहिता आहे. तुलसीदास हे विनम्र तसेच स्वाभिमानी कवी होते. त्यांच्या साहित्याने सामाजिक सुधारणेचा मार्ग प्रशस्त केला. तुलसीदासांना 'विवेक' हा शब्द विशेष प्रिय होता आणि त्यांनी आपल्या रचनांमध्ये त्याचा वारंवार वापर केला. त्यांचा विवेक समाजाला जागृत करणारा आहे. ज्ञानरसाची चर्चा करताना ते म्हणाले की, तुलसीदासांचे साहित्य प्रत्येकाला समाधान आणि शांतता देणारे आहे. त्यांच्या वाणीचा अर्थ समजून घेण्यासाठी वेळ लागत असला तरी ती अत्यंत सहज आणि सरळ आहे. राम हे त्यांचे आराध्य होते. रामचरितमानसमध्ये नीती आणि ज्ञानाची मांडणी करून त्यांनी विचलित समाजाला योग्य दिशा देण्याचे कार्य केले. मानवी प्रगतीच्या या काळात आपण संस्कृतीच्या बाबतीत मागे पडत आहोत, अशा परिस्थितीत तुलसीदासांचे साहित्य आपल्यासाठी मार्गदर्शक ठरते, असेही डॉ. त्रिपाठी यांनी नमूद केले.

कार्यक्रमाच्या प्रास्ताविकात भाषा विद्यापीठाच्या अधिष्ठाता प्रो. प्रीती सागर म्हणाल्या की गोस्वामी तुलसीदास यांचे विचार आदर्श समाजनिर्मितीसाठी प्रेरणा देतात. लोकांना संस्कृतीशी जोडण्यासाठी त्यांनी अवधी भाषेत रामचरितमानसची रचना केली. त्यातून भारतीय आत्म्याचे आकलन करता येते, असे त्या म्हणाल्या.

साहित्य विद्यापीठाचे अधिष्ठाता प्रो. अवधेश कुमार म्हणाले की तुलसीदास वारंवार पवित्रता आणि प्रज्ञेबद्दल बोलतात. ते लोकसाहित्य आणि अभिजात साहित्यातील एक सिद्धहस्त कवी आहेत. त्यांनी उल्लेख केलेले परमेश्वर श्रीराम हे सामर्थ्य, विनय आणि सौंदर्याने युक्त आहेत.

कार्यक्रमाचे स्वागतपर भाषण हिंदी साहित्य विभागाचे सहायक प्राध्यापक डॉ. रूपेश कुमार सिंह यांनी केले. संचालन असोशिएट प्राध्यापक डॉ. अशोक नाथ त्रिपाठी यांनी केले, तर सहायक प्राध्यापक डॉ. सुनील कुमार यांनी आभार मानले.

कार्यक्रमाची सुरुवात गोस्वामी तुलसीदास आणि सरस्वती यांच्या प्रतिमांना पुष्पहार अर्पण करून, दीपप्रज्वलन आणि विश्वविद्यालयाच्या कुलगीताने झाली. यावेळी असोशिएट प्रोफेसर डॉ. जयंत उपाध्याय, सहायक प्रोफेसर डॉ. शैलेश मरजी कदम, डॉ. जगदीश नारायण तिवारी, सूर्य प्रकाश पांडे, डॉ. कोमल कुमार परदेशी, डॉ. प्रदीप, बी.एस. मिरगे यांच्यासह मोठ्या संख्येने शोधार्थी व विद्यार्थी उपस्थित होते.